हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–32 : जौनपुर, गुरुवार 22 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ज्ञानवापी मस्जिद–श्रृंगार गौरी मामले में मुस्लिम पक्ष को लगा झटका : अगली सुनवाई 29 सितंबर को

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी प्रकरण में अंजुमन इंतजामिया यानी मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। वाराणसी जिला जज की अदालत में ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की सुनवाई जारी रहेगी। अंजुमन इंतजामिया ने आवेदन देकर सुनवाई के लिए आठ हफ्ते की मोहलत मांगी थी। वह अब भी इसी मांग पर अड़ा है। गुरुवार को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद अगली सुनवाई के लिए 29 सितंबर की तिथि तय की। हिंदू पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु जैन ने सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग की भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के एक्सपर्ट से कार्बन डेटिंग कराने का अनुरोध किया। कहा कि कार्बन डेटिंग से ही यह स्पष्ट होगा कि वह शिवलिंग है या फाउंटेन। केमिकल के जरिये यह भी पता चल सकेगा कि कितनी पुरानी है। अदालत ने इस आवेदन पर अंजुमन इंतजामिया से 29 सितंबर तक आपत्ति दाखिल करने को कहा है। दूसरी तरफ ऑर्डर 1 रूल 10 के तहत पक्षकार बनने के लिए 16 लोगों ने आवेदन दिया था। सुनवाई के दौरान सिर्फ 9 पक्षकार मौजूद रहे। इसमें से एक पक्षकार ने नाम वापस ले लिया। सात पक्षकार जो हाजिर नहीं थे उनका आवेदन कोर्ट ने निरस्त कर दिया। सुनवाई से पहले ज्ञानवापी मामले में वादी महिलाएं अपने अधिवक्ताओं के साथ जिला जज कोर्ट पहुंचीं थी। ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी मामले में जिला जज की अदालत में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की मांग खारिज होने के बाद पहली बार सुनवाई हुई। अभी तक क्या–क्या हुआ ? पिछली



सुनवाई में जिला जज ने इस मुकदमे को सुनवाई योग्य करार दिया था, इसके बाद अंजुमन की ओर से आवेदन भी दिया गया है। ऐसे में इन आवेदनों पर सुनवाई के बाद अदालत की ओर से आदेश दिया जा सकता है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने 12 सितंबर 2022 को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की मांग को खारिज करते हुए कहा था कि शृंगार गौरी केस सुनवाई योग्य है। साथ ही सुनवाई की तिथि गुरुवार 22 सितंबर को तय की थी। आदेश में उन्होंने कहा था कि उस दिन जितने लोगों ने पक्षकार बनने के लिए ऑर्डर 1 रूल 10 के तहत आवेदन दिया था, उस पर सुनवाई होने के साथ शृंगार गौरी मामले में वाद बिंदु भी तय किया जाएगा। संबंधित पक्षकार जवाबदेही भी दाखिल करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए अंजुमन ने अदालत में आवेदन दिया और आदेश की तिथि 12 सितंबर से 8 सप्ताह बाद शृंगार गौरी मामले की सुनवाई की मांग की।

## यूपी एटीएस और एनआईए की छापेमारी : लखनऊ बहराइच व बाराबंकी से संदिग्ध दबोचे गए

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ समेत पूर्वांचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यूपीएटीएस व एनआईए ने छापेमारी की है। इस कार्रवाई में दो संदिग्धों को लखनऊ, एक को बहराइच व एक युवक को बारांबकी से हिरासत में लिया गया है। लखनऊ में एनआईए ने इंदिरा नगर ए ब्लॉक से वसीम उर्फ बबलू नाम के युवक को हिरासत में लिया है। वहीं, बहराइच के जरवल कस्बा से बब्बू उर्फ कमरुद्दीन नाम के व्यक्ति को उठाया गया है। उसकी पत्नी ने जरवल रोड थाने पहुंचकर बताया कि सुबह करीब 4 बजे उनके घर पहुंची पुलिस उसके पति को हिरासत में लेकर चली गई। साथ ही इनके घर की तलाशी भी ली गई और बब्बू के दो मोबाइल भी कब्जे में लिया। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा रही है। जिले में एक अन्य युवक को भी उठाने की चर्चा है। इसी तरह बाराबंकी में गुरुवार की सुबह करीब 3 बजे एसटीएफ की टीम गौरहार मजरे बहरौली गांव पहुंची और एक घर की घेराबंदी कर अंदर सो रहे युवक नदीम को हिरासत में ले लिया। नदीम




इससे पहले भी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से संबंध के आरोप में जेल जा चुका है। उसे पीएफआई का एजेंट बताया जाता है। एसटीएस नदीम को लेकर चली गई है। स्थानीय पुलिस इस संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। एनआईए ने केरल, तमिलनाडु, यूपी समेत 10 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की फंडिंग को लेकर छापेमारी की है। जिसमें पीएफआई के 100 से अधिक शीर्ष नेताओं और पदाधिकारियों को देशव्यापी छापेमारी में गिरफ्तार किया गया है। एनआईए, ईडी और राज्य पुलिस द्वारा समन्वित कार्रवाई में कई राज्यों में छापेमारी की गई है।

## विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग के नए तरीके सीखे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में गुरुवार के दिन प्रोग्रामिंग के क्षेत्र मे एक नई शुरुआत हुई । इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस विभाग के बच्चों और शिक्षकों द्वारा गूगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब की शुरुआत की गयी । सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग के क्षेत्र में विद्यार्थियों ने कोडिंग के माध्यम से डिजाइनिंग के नए तरीके सीखे।इस क्लब का पहला कार्यक्रम विश्वस्वरैया हाल मे हुआ । इस अवसर पर गरिमा पांडेय ने कंम्युनिटी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम मे पूरे एक साल में होने वाले सभी स्किल्स के बारे में अभिषेक तिवारी ने जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों से सवाल जवाब मे यत्नदीप दुबे और अवनीश दुबे ने मिलकर उत्तर दिया और कम्युनिटी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को इंजीनियरिंग



संकाय के डीन प्रो. बी बी. तिवारी और कंप्यूटर साइंस विभाग के हेड डॉ संजीव गंगवार द्वारा सॉफ्टवेयर बनाया गया । इस कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षक अशोक कुमार यादव, डॉ दिव्येंदु मिश्रा, दीप्ति पांडेय, रविकांत यादव, संतोष यादव, सुनील यादव ,ज्ञानेंद्र पाल और छात्र भास्कर उपाध्याय, आदित्य पांडेय, रचित भरद्वाज,विनीत रौशन,मिली श्रीवास्तव और लगभग सभी विभाग के 100 विधार्थी उपस्थित रहे।

### नवीन कई बिन्दुओं में दिये गये निर्देशों के परिपालनार्थ की गयी समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा निर्धारित नवीन 37 बिन्दुओं पर प्रगति माह अगस्त 2022 एवं आयुक्त वाराणसी मण्डल की बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालनार्थ की समीक्षा बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए समस्त अधिकारियों को स्पष्ट रुप से निर्देश दिया कि शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाभ शत–प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को दिया जाये और जो निर्माण कार्य चल रहे है ससमय पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने एनएचआई के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि भदोही–रामपुर–जौनपुर, सिद्दीकपुर–शाहगंज, जौनपुर–केराकत, पखरौली बाईपास की सड़क को शीघ्र मरम्मत कराये। अधीक्षण अभियन्ता सेतु निगम से कलीचाबाद के निर्माणाधीन पुलिया के कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाये, जिससे आमजनमानस को जाम से निजात दिलाया जा सके। अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की समस्त सड़कों का सर्वे कराये और जितनी भी सड़के गड्ढायुक्त है, उसकी कार्ययोजना बनाकर शासन को शीघ्र प्रेषित करे, जिससे मरम्मत का कार्य कराया जा सके। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी कार्य जनपद में किये जा रहे है उनकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की समझौता नही किया जायेगा। जिन सड़को का टेण्डर हो गया है और कार्य नही शुरु किया गया है, उन ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर0डी0 यादव को निर्देशित किया कि जनपद में समस्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच जिलास्तरीय अधिकारियों से कराये और जिन अधिकारियों को नामित किया गया है प्रत्येक सप्ताह उनकी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ बैठक सुनिश्चित करायें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अंडर मेंटिनेस का कार्य ठीक ढंग से न किए जाने पर ए0ई0 को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर से एसटीपी के डिजाइन और नालों की टैपिंग की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्य को शीघ्र पूरा कराये अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह से आयुष्मान कार्ड के प्रगति की जानकारी ली और



पाया कि कार्ड बनाने की गति धीमी है जिसपर नाराजगी व्यक्ति करते हुए निर्देशित किया कि डीएसओ, श्रमायुक्त, जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए शत–प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण कराये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य में सहयोग न करने पर श्रम विभाग के सम्बन्धित कर्मचारियों को चेतावनी और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से हेल्थ एवं वेलनेस सेटर, जन्म, मृत्यु प्रमाण–पत्र, टी0वी0 की जांच के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी और जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन के सन्दर्भ में निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर इनका पंजीकरण करें और डीपीआरओ, पंचायत सचिव, प्रधान, लेखपाल, आशा कार्यकर्ता के सहयोग से घर–घर जाकर प्रमाण–पत्र वितरित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जितने भी ग्राम सचिवालय बने है उसका भौतिक रुप से सत्यापन करा ले और नियमित रुप से रोस्टरवार समय तय करते हुए लेखपाल, सचिव, प्रधान आदि की सचिवालय में बैठे। सचिवालय की वालपेंटिग पर शासन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लिखवाने का निर्देश दिया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बारिश में हरे चारा का संकट न हो इसकी व्यवस्था पहले से कर ली जाये। बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बेसिक शिक्षा, पशुधन, कृषि, पंचायती राज, नगर विकास, ग्राम विकास, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण, नियोजन, सिंचाई एवं जल संसाधन, ऊर्जा, लोक निर्माण, नमामि गंगे एवं जल आपूर्ति, खाद्य एवं रसद, समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, वन विभाग, दुग्ध विकास, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, व्यवसायिक शिक्षा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, श्रम विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लोक शिकायत, खादी एवं ग्रामोद्योग, सहकारिता, वित्त राजस्व, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल, राजस्व, भूतत्व एवं खनिज की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम साही सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत राज कॉलेज के छात्र–छात्राओं व लायन्स क्लब जौनपुर संस्थाध्यक्ष एवं सदस्यों तथा आम जनमानस द्वारा प्रदर्शनी का किया गया अवलोकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंत्योदय के उपासक मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 17 से 23 सितंबर 2022 तक मा0 प्रधानमंत्री जी के जीवन और व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी तथा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं विषयक– प्रदर्शनी विकास भवन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई है। सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत छठे दिन भारत के प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी में जनपद के राजा कृष्ण दत्त इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र–छात्राओं, लायन्स क्लब जौनपुर संस्थाध्यक्ष संदीप गुप्ता एवं सदस्यों एवं आम जनमानस द्वारा अवलोकन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 संजय चौबे एवं प्रवक्ता भौतिक विज्ञान बृज भूषण यादव के द्वारा प्रदर्शनी में छात्राओं एवं आम जनमानस को भारत के मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्म से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गयी। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर0डी0 यादव ने बताया कि यह प्रदर्शनी छात्राओं एवं आम जनमानस के लिए प्रेरणाश्रोत है, इस प्रदर्शनी के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री मोदी जी के बचपन से अबतक की कहानियों, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण निर्णय, जनहितार्थ योजनाओं, देश की प्रगति हेतु नवाचार अभियानों को प्रदर्शनी में लगे फ्लैक्सी के माध्यम से छात्राओं एवं आम जनमानस द्वारा जानकारी




प्राप्त की गयी। मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी की दर्शकों द्वारा प्रशंसा की गयी। मा0 प्रधानमंत्री जी का जीवनी एक प्रेरणास्रोत है, जो हर उम्र के लोगो को कुछ करने को प्रेरित करती है। लायन्स क्लब जौनपुर के अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत में नया विश्वास जागृत हुआ है। प्रधानमंत्री जी ने देश का सर्वांगीण विकास किया है। आजादी के समय महापुरुषों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह आज पूर्ण होता दिख रहा। आज जनभागीदारी के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन देखा जा रहा है। इस अवसर पर डीसीएनआरएलएम ओपी यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, लायंस क्लब के सचिव राजीव श्रीवास्तव, रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य, निदेशक अखिलेश श्रीवास्तव, परमजीत सिंह सहित, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, उपायुक्त स्वरोजगार ओम प्रकाश यादव ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद के समस्त छात्र–छात्राओं एवं आम जनमानस से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में आकर लाभ उठायें एवं दूसरे व्यक्तियों को भी प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 से 23 सितम्बर 2022 तक लगाई गई है। इस अवसर पर सूचना विभाग द्वारा छात्र–छात्राओं एवं आम जनमानस को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित किताबों का वितरण किया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों में नहीं मिलेगी जमानत : सदन में पेश किया गया विधेयक

लखनऊ ब्यूरो : महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को लेकर योगी सरकार सख्त है और अब महिलाओं के खिलाफ हुए गंभीर अपराधों में अग्रिम जमानत के प्रावधान खत्म करने जा रही है। इसी कड़ी में सरकार ने यूपी विधानसभा में दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2022 पेश किया। विधेयक के कानून बनने पर महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों में अग्रिम जमानत के प्रावधान खत्म हो जाएंगे। सरकार ने गुरुवार को दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2022 व निजी तथा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों से वसूली के लिए उत्तर प्रदेश लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली (संशोधन) विधेयक 2022 सदन के पटल पर रखा।

## जिलाधिकारी द्वारा गो–आश्रय स्थल का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कृषि भवन परिसर में स्थित गो–आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गो–आश्रय स्थल में गोबर फैला हुआ पाया जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उनके जे.ई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित सफाई निरीक्षक



हरिश्चंद्र यादव को निर्देश दिया कि तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने उपनिदेशक कृषि जयप्रकाश को निर्देशित किया कि नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंश को हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। पशुओं की नियमित रूप से पशु चिकित्सकों के पशुओं की जांच की जाए। इलाज के अभाव में किसी भी गोवंश की मृत्यु न होने पाए। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, कृषि वैज्ञानिक सुरेश कनौजिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधानो की लंबित जांच के सम्बंध में जांच अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम प्रधानो की लंबित जांच के सम्बंध में जांच अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी



द्वारा निर्देशित किया गया कि आवंटित जांचें जांच अधिकारियों के द्वारा जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए। उन्होंने लंबित जांचों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन जांच अधिकारियों के द्वारा अभी तक शून्य जांचे की गई है, उनका स्पष्टीकरण लिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे अधिकारी जिनके पास 10 से अधिक जांचे है, अन्य अधिकारियों को हस्तांतरित किया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, अधी. अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम साही सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**पवित्रता की शक्ति इतनी प्रबल है जो सारे विश्व के दुःख दूर कर सकती है।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

## थाना शाहगंज पुलिस ने अवैध नशीले पाउडर के साथ अभियुक्त सुफियान उर्फ नाटे कुरैशी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21.09.2022 को थाना स्थानीय के उ0नि0 श्री वरूणेन्द्र कुमार राय व हमराही कर्मचारीगण द्वारा मुखबीर की सूचना पर दबीश देकर ग्राम हुसैनाबाद नहर के पास से अवैध नशीले पाउडर के साथ एक अभियुक्त सुफियान उर्फ नाटे कुरैशी पुत्र मुमताज कुरैशी नि0 बड़ागांव थाना शाहगंज जौनपुर को गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 257/2022 धारा 8/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पताः– सुफियान उर्फ नाटे कुरैशी पुत्र मुमताज कुरैशी नि0 बड़ागांव थाना शाहगंज जौनपुर बरामदगी का विवरणः– 55 ग्राम नशीला पाउडर अभियुक्तगण का




आपराधिक इतिहासः– 1. मु0अ0सं0 758/2013 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0 126/2018 धारा 3/5/8 गो0नि0 अधि0 थाना सरपतहाँ जौनपुर 3. मु0अ0सं0 241/2018 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना सरपतहाँ जौनपुर 4. मु0अ0सं0 257/2022 धारा 8/22 एन0डी0पी0एस0 थाना शाहगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः– 1. उ0नि0 श्री वरूणेन्द्र कुमार,हे0का0 राजकुमार यादव,कां0 बिकेश चौहान,का0 अभिषेक कुमार थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## प्रधानमंत्री जन्म दिवस पखवाड़ा के तहत भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान मंदिर तालाब सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर की गई सफाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के बीच बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों आदि में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नगर के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ पक्का पोखरा पर साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति संकल्पित है। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में चक बिसाहू दास माफी गोसाईपुर खुटहन में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान किया गया। उक्त अवसर पर प्रेमचंद तिवारी, नवनीत सिंह, प्रदीप मिश्रा, राहुल सिंह ज्ञान मिश्रा आदि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## थाना सिंगरामऊ पुलिस ने 02 अभियुक्तो को गाय व बछड़ा बछिया को क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाते समय गिरफ्तार कर वाहन को किया सीज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देश पर अपराध एंव अपराधियों व वांछित अभि0गण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन एव क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभि0गण 1– मुकेश कोल पुत्र स्व0 लल्ला कोल ग्राम चितूहला थाना वक्षर जिला सहडोल मध्य प्रदेश व 2. संदीप कुमार पाण्डेय पुत्र सरजू लाल एलसीएच 10 वार्ड नं0 24 पानी की टंकी के पास चीप हाऊस धनपुरी शहडोल मध्यप्रदेश , द्वारा 03 राशि दुधारू गाय व 03 राशि बछड़ा / बछिया को क्रूरता पूर्वक लादकर व मारते पीटते हुए ले जाते गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यावाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. मुकेश कोल पुत्र स्व0 लल्ला कोल ग्राम चितूहला थाना वक्षर जिला सहडोल मध्य प्रदेश 2.संदीप कुमार पाण्डेय पुत्र सरजू लाल एलसीएच 10 वार्ड नं0 24 पानी की टंकी के पास चीप हाऊस धनपुरी शहडोल मध्यप्रदेश। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0–75/22 धारा 11 पशु क्रुरता अधिनियम थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–1. थानाध्यक्ष कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री रामध्यान यादव,का0 लक्ष्मण कुमार,का0 सोमेश्वर सिंह,का0 विमलेश यादव,का0 दिलीप कुमार थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर।

## जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्यान विकास समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : लोहिया पर्यावरणीय पार्क पालीटेक्निक, जौनपुर के प्रबन्धान एंव रख–रखाव के लिए गठित जिला उद्यान विकास समिति के कमेटी की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में लोहिया पर्यावरणीय पार्क जौनपुर में की गयी व पार्क का निरीक्षण कर दिशा–निर्देश दिये गये है। बैठक में लोहिया पर्यावरणीय पार्क में सुबह–शाम आगन्तुको के प्रवेश पर शुल्क लगाने पर विचार किया गया, इसमें शुल्क दर रु. 5 प्रतिदिन और 30 दिन के लिए 100 रूपये व वार्षिक 1000 शुल्क रखने का निर्णय लिया गया। इसमें 10 वर्ष के बच्चो महिलाओ व 60 साल से उपर वरिष्ठ नागारिको का प्रवेश निःशुल्क किये जाने का निर्णय लिया गया। पार्क के बाहर आगन्तुको के वाहनो का उचित प्रबन्धन हेतु वाहन स्टैण्ड टेण्डर कराकर न्यूनतम दर पर स्टैण्ड व्यवस्था स्थापित कराने का निर्देश दिया गया। पार्क में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सी0सी0टी0बी0 लगाये जाने, पार्क में ओपेन जिम एरिया बच्चो के झूले वाले स्थान पर इण्टरलाकिंग कराये जाने हेतु आने वाले खर्च का आकलन कर इस्टीमेट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। पार्क में योग हाल में टाइलस व अन्य बुनियादी सुविधा के खर्च का आकलन कर, सोलर लाइट सासंद निधि कोटे से लगवाने हेतु इस्टीमेट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। पार्क में शौचालय सुविधा को अच्छा स्वच्छ रखने व आम जनमानस को आ रही समस्या के क्रम में नगर पालिका से एक नया शौचालय बनवाने, गेट पर बोर्ड लगवाकर खाद्य पदार्थ, प्लास्टिक खेल सामग्री आदि के प्रवेश निषेध करने व पकडे जाने पर 500 रूपये जुर्माना लगाने, पार्क के बाहर ठेलो को कतारबद्ध सुव्यवस्थित करने व कूडेदान का





प्रयोग करने, पार्क में म्यूजिकल सिस्टम स्थापित करने पर आ रहे व्यय का इस्टीमेट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जिला उद्यान अधिकारी को पार्क के नये कार्या के निर्माण का आकलन सक्षम स्तर से प्राप्त कर इस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पार्क में वृक्षोरोपण किया गया एंव कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उपकृषि निदेशक कार्यालय व गौशाला का निरीक्षण किया गया। मौके पर जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण, सीओ सिटी, डा० सुरेश कन्नौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यकों की लडाई को तैयार – सिराज मेहदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नई दिल्ली, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सिराज मेहदी ने कहा कि एनसीपी देश के सभी अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ेगी और इसके लिए शरद पवार के नेतृत्व में सभी तरह के संवैधानिक रास्ते अपनाने के लिये एनसीपी पूरी तरह



तैयार है। कार्यसमिति के पूर्व सदस्यों की बैठक में पूर्व विधान परिषद सदस्य और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सिराज मेहदी ने कहा कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष भाजपा को सत्ता से बेदखल करने ले लिये एकजुट है ऐसा विपक्ष के नेताओं के रुख से स्पष्ट हो रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में देश के सभी अल्पसंख्यकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके हक की लडाई लड़ने को तैयार है। श्री मेहदी ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी संसद में महिलाओं के आरक्षण की पक्षधर है इसके लिए एनसीपी प्रमुख शरद पवार के नेतृत्व में देश भर में एक महिला आरक्षण के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। सिराज मेहदी ने कहा कि शीघ्र ही माननीय शरद पावर की स्वीकृति के बाद अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों का एलान किया जायेगा। श्री मेहदी ने कहा कि भाजपा संघ परिवार के साम्प्रदायिक एजेंडे पर ही काम कर रही हैस हमे अदालतो पर भरोसा करते हुए काशी और मथुरा के विवाद को भी अदालत पर ही छोड़ देना चाहिये, कुछ ताकतें कुछ लोगों से बेमतलब की बयाबाजी करवा कर देश के माहौल को खराब करने की कोशिश कर रही हैं उन्हें इससे बचना चाहिये। देश लोकतांत्रिक परंपराओं से चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा।

## जनपद स्तरीय विद्यालयी हैण्ड बाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जनपदीय विद्यालयी अण्डर 14 व अण्डर 19 हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बालक–बालिकाओं दोनो के लिय इस जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन चौक स्थित काली चरण इण्टर कालेज में किया जा रहा है। प्रतियोगिता 28 सितम्बर को प्रातः 8य30 बजे से आरंभ होगी व समापन 29 सितम्बर को होगा। काली चरण इण्टर कालेज के शारीरिक शिक्षक सोमेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद लखनऊ के सभी विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग कर सकती है। सभी स्कूल अपनी टीम के खिलाड़ियों के पात्रता प्रमाण–पत्र छः–छः प्रतियों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्रति–हस्ताक्षरित करा कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश द्वारा किया गया निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत लगनशील एवं परिश्रमी सभी संवर्ग के छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश के द्वारा किया गया। यह कोचिंग जनपद के जनक



कुमारी इंटर कॉलेज में संचालित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने कहा की इस कोचिंग माध्यम से अधिक से अधिक प्रतियोगी विद्यार्थियों को लाभ दिया जाएगा। प्रतिभाशाली एवं उत्साही छात्र–छात्राओं को परीक्षा से पूर्व मुफ्त प्रशिक्षण देने का कार्य किया जायेगा, तकनीकी युग में बच्चों को अच्छी तैयारी कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र राज डिग्री कॉलेज डॉ० मनोज वत्स ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा परीक्षा, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस आदि के लिए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनक कुमारी इंटर कॉलेज के प्राचार्य जंग बहादुर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत पढ़ने वाले छात्र, छात्राओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग करते हुए पढ़ाई विद्यार्थी पढाई करें। टाइम मैनेजमेंट के लिए कैलेंडर अवश्य बनाएं। कार्यक्रम का संचालन विपनेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर रमेश सिंह, प्रदेश अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ, विनोद राय, डा० देवमणि दुबे, डा० विवेक यादव, डा० कर्म चंद यादव, लाल सिंह मौर्य, लाल बहादुर यादव, संदेश श्रीवास्तव, राज कुमार यादव, धर्मेंद्र प्रजापति, श्री प्रकाश दुबे, संत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ओवरटेक के चक्कर में भिड़ी दो डीसीएम : एक चालक की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की देर रात रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मखवापुर के समीप दो डीसीएम में भिड़ंत हो गई। हादसा ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ। एक चालक की मौत हुई है जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। बताया गया कि डीसीएम यूपी 32 जीएन 0033 अयोध्या से लखनऊ जा रही थी। रात 11:00 बजे पीछे से आ रही दूसरी डीसीएम यूपी 78 डीएन 5360 ने ओवरटेक करने के चक्कर में पीछे से भिड़ गई। हादसे की सूचना पर पुलिस ने यूपी 78 डीएन 5360 के चालक ओम प्रकाश शर्मा पुत्र राम शरण शर्मा निवासी ज्खौली थाना बर्रा जिला कानपुर को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया । जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भेलसर चौकी प्रभारी दृवेश द्विवेदी ने बताया कि घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया तथा क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवा आवागमन बहाल करा दिया गया है।

## पांच के विरुद्ध धोखाधड़ी व छेड़खानी सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) महिला को शादी का झांसा देकर उसकी संपत्ति का बैनामा कराने के बाद महिला को प्रताड़ित किए जाने के मामले में इनायत नगर पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी मारपीट एवं छेड़खानी सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस भी मामले में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला का आरोप है कि वह बीते 24 मई को अपनी 75 वर्षीय मां द्रोपदी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले जा रही थी कि दिन में करीब 10 बजे इनायत नगर थाना क्षेत्र के म मुगीशपुर गांव स्थित बरम बाबा देव स्थान के पास एक सुनसान जगह पर धर्मेंद्र सिंह पुत्र शिवपूजन सिंह राम भजन सिंह पुत्र राम अंजोर देवा व दिवाकर पुत्र राम भजन ने महिला व उसकी मां को जबरदस्ती टाटा मैजिक सवारी ओवरटेक कर रोक लिया तथा तमंचा दिखाकर जान से मार डालने की धमकी देते हुए उसकी मां को उप निबंधक कार्यालय मिल्कीपुर उठा ले गए। महिला का आरोप है कि धर्मेंद्र सिंह ने अश्लील हरकत करते हुए महिला के साथ गलत काम किया और उसके कपड़े भी फाड़ डाले। महिला का आरोप है कि उसे असलहे के बल पर धमकाकर बंधक बनाए रखें और उसकी मां की सारी जमीन देवा एवं दिवाकर के नाम जबरदस्ती कूट रचना कर दान पत्र लिखवा लिया। उक्त लोगों के चंगुल से छूटने के बाद महिला शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर कुमारगंज थाने पहुंची। जहां कुमारगंज पुलिस ने यह कहते हुए वैरंग वापस लौटा दिया कि आप इनायत नगर थाने जाइए घटनास्थल इनायत नगर थाना क्षेत्र में पड़ता है। इनायत नगर थाने पहुंचकर पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में तहरीर दी किंतु पुलिस ने महिला को लौटा दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला द्वारा एसएसपी को शिकायती पत्र दिया गया किंतु पुलिस से न्याय न मिलने के बाद पीड़ित महिला ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जहां न्यायालय ने मामले में मुकदमा कायम किए जाने के आदेश दे दिए। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने पांचों आरोपियों धर्मेंद्र सिंह, राम भजन, देवा, दिवाकर निवासी ग्राम जोरियम थाना कुमारगंज एवं एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध धारा 147, 323, 354, 354 ख, 342, 420, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला की पैरवी अधिवक्ता अखिलेश सिंह ने की।

## अधिवक्ताओं एवं हिंदूवादी संगठनों ने दी अधिवक्ता मुकुल बिसारिया को भावभीनी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद बार एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल बिसारिया के आकस्मिक निधन पर अधिवक्ताओं एवं विभिन्न हिंदूवादी संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा गुप्तार घाट स्थित सौदा ग्रह पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की कैंसर नामक घातक बीमारी से जूझ रहे अधिवक्ता मुकुल बिसारिया काफी समय से अस्वस्थ होने के बावजूद, निरंतर न्यायालय का कार्य देख रहे थे, ज्ञात हो कि मुकुल विसरिया 2012 के दंगों में आरोपित किए गए विभिन्न हिंदूवादी संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों के अधिवक्ता भी थे उनकी अंतिम यात्रा में अयोध्या बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता गण, व्यापारी, विभिन्न हिंदूवादी संगठनों से जुड़े पदाधिकारी, उनकी अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर और तत्पश्चात गुप्तार घाट स्थित सौदा ग्रह पहुंचकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि प्रकट की इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय, भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव शुक्ला, भाजपा नेता दिनेश जयसवाल, अयोध्या बार एसोसिएशन के महामंत्री सूर्य नारायण सिंह अधिवक्ता लालजी गुप्ता कोषाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव पूर्व मंत्री अजय दुबे अधिवक्ता धनुष जी श्रीवास्तव कुंवर अजय अधिवक्ता चंद्रभान सिंह, अधिवक्ता विरेंद्र कुमार शर्मा, अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सुधीर नाग चौरसिया पार्षद अनिल सिंह पार्षद अनुभव जयसवाल हिंदू युवा वाहिनी नगर अध्यक्ष शंभू नाथ जायसवाल अभय दुबे अधिवक्ता आलोक खरे अधिवक्ता जितेंद्र श्रीवास्तव शोभित कपूर घनश्याम गुप्ता चेतन गुप्ता अरे उनका तो समाजसेवी वेद राजपाल मनोज श्रीवास्तव इंद्रपाल टिंकल, अधिवक्ता दया निधि पांडे अधिवक्ता शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव अधिवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सरयू में दिखने लगा तबाही का मंजर : खतरे को देखते हुए डीएम ने भारी वाहनों को ढेमवा घाट होकर जाने से किया प्रतिबंधित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी में सरयू ने अपना रौद्र रूप धारण कर रखा है खतरे के निशान से सरयू नदी 50 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है ऐसे में निचले इलाकों में बाढ़ के पानी ने प्रवेश कर दिया है।कई गांव से जुड़ने वाले संपर्क मार्ग कटने के कगार पर हैं जिसके कारण क्षेत्र से आवागमन को भी बाधित किया गया है ।अयोध्या के सोहावल से तरबगंज गोंडा की तरफ जाने वाले पुल मार्ग को भी प्रशासन ने बंद कर दिया है।सरयू नदी अब अपने उफान पर है और भारी तबाही मचा रही है। इसको लेकर जहां अयोध्या के कई घाट सहित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार करने के लिए आ रहे लोगों के लिए मुसीबतें बढी हैं।जिसके चलते सरयू के घाटों पर श्रद्धालुओं की जान भी जोखिम में है श्रद्धालुओं को सुरक्षा घेरे के अंदर ही स्नान करने के लिए सजग किया जा रहा है जल पुलिस के द्वारा बोट से सरयु के घाटों के आसपास गश्त किया जा रहा है और सीटी बजा कर के श्रद्धालुओं को सजग किया जा रहा है कि वह सीढियों पर ही स्नान करें।बताते चलें कि सरयू का डेंजर लेवल 92.730 है मौजूदा समय मे सरयु का जल स्तर 93.00 पार है यानी कि सरयू की जलधारा खतरे के निशान को तोड़ते हुए 50 सेंटीमीटर खतरे के निशान से ऊपर है केंद्रीय जल आयोग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश और डैम से छोड़े गए पानी के वजह से सरयु का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है हालांकि पूर्वानुमान जो लगाया जा रहा है वह जलस्तर घटने का लगाया जा रहा है सरयु का अब तक का सबसे हाई रिकॉर्ड जलस्तर बढ़ने का 2009 में है जो रिकॉर्ड 94.10तक पहुंचा था और जिस तरीके से सरयू का जलस्तर बढ़ रहा है अगर एक बार और डैम से पानी छोड़ा गया तो यह कहा जा सकता है कि 2009 के रिकॉर्ड को भी इस बार सरयु का जलस्तर तोड़ सकता है। वही इसी कड़ी में अयोध्या सोहावल तहसील के ढेमवा घाट से गोंडा के तरबगंज जाने वाली सड़क पर जिला प्रशासन ने आवागमन पर रोक लगा दी है। क्योंकि सरयू की कटान के कारण सड़क डैमेज हुई है। तो वहीं ढेमवा सरयू पुल के उस पार दत्त नगर के पास गोंडा जाने वाली सड़क भी काफी दूरी पर टूट गया है।सिर्फ दो पहिया वाहनो को ही जाने की अनुमति दिया है।बड़े वाहन इन मार्ग पर न जाये इसके लिए बैरियर लगा दिया गया है।

## राम नगरी अयोध्या में शीघ्र ही होगा लता मंगेशकर चौक का उद्घाटन : लाइट एंड साउंड सिस्टम में होगा विशेष आकर्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में लता मंगेशकर चौक लगभग बनकर तैयार हो चुका है।सूत्र के मुताबिक आने वाले 28 सितंबर लता मंगेशकर जी की जयंती के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौराहे का उद्घाटन कर सकते हैं। जिसके लिए चौराहे के निर्माण को संबंधित विभाग के कर्मियों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है।जिस पर 14 टन से बनी 12 मीटर लंबी वीणा को लगाया गया है।जो साउंड एवं लाइट सिस्टम पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर 12 मीटर लंबे वीणा को लगाए जाने के लिए अथक प्रयास के बाद आखिरकार खड़ा कर दिया गया।इस दौरान बताया जा रहा है कि इस चौराहे के ऊपर से क्रश की हुई हाईटेंशन तार के कारण कुछ जनपदों की बिजली भी प्रभावित रही।वही इस मौके पर अयोध्या के इस चौक निर्माण की जानकारी देते हुए अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि अयोध्या में श्री राम के प्रति लता मंगेशकर के भाव को दर्शाते हुए इस चौराहे का विकास कराये जाने की योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अयोध्या विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी थी।जिसके चलते उनके दिशा निर्देश पर सभी सहयोग से विकसित करने का प्रयास किया है। जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।वही इस चौक की खासियत भी बेमिसाल बनाई गई है। इस संबंध मे अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि जो एक के भाव को प्रदर्शित करने के एलिमेंटस है।उसे प्रमुखता दी गई है जैसे कि सरस्वती वीणा है जो वरदान लता मंगेशकर जी को था कि उनकी वाणी में सरस्वती जी उतर के आती हैं ऐसे भाव लोगों के मन में थे इसीलिए इस वीणा को लगाया गया है।इसके अतिरिक्त चौक के सुंदरीकरण में उनके द्वारा भजन गाए गए हैं उस भजन को इस स्थान पर अनवरत रूप से चलाया जाएगा और जल का जो प्रवाह है जीवन प्रवाह के रूप में माना जाता है।उसे भी इस चौक के अंदर गति से दिखाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 92 वर्षों तक उन्होंने साधना की भजन गाए इसलिए इस स्थान पर 92 कमल दल से दर्शाया गया है।जिसका शीघ्र ही अनावरण भी किया जाएगा।

## पैंतीस वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जनपद के थाना कोतवाली इनायतनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत सहुलारा, में बीती रात मृतक आनन्द राय पुत्र निरोद राय निवासी 115/107 B.G.G. सरानी मकाललता लेन उत्तरपारा कोट रुंग भद्रकाली हुगली पश्चिम बंगाल उम्र 35 वर्ष जो अपनी पत्नी के साथ सहुलारा में सहदेव यादव के मकान में किराये पर रहते थे तथा मिठाई की दुकान चलाते थे एवं शराब पीने के आदी थे आज दिनाँक 20/21.09.2022 को समय करीब 12.30 बजे रात्रि में अपने पत्नी से झगडा करके बल्ली में अपने गमछे से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिये। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी इनायतनगर अमरजीत ने बताया कि मृतक के पत्नी की सूचना पर प्राथमिक सूचना पत्र अंकित करके पंचायतनामा की कार्यावाही करके लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## वृहद रोजगार मेले में फीता काटकर सांसद लल्लू सिंह ने किया शुभारंभ : 1447 युवाओं का हुआ चयन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,अयोध्या में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर यहां पर आयोजित मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह फीता काटकर किया। उसके बाद मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा इस अवसर पर सरस्वती वंदना की गयी। वही इसी कड़ी में मुख्य अतिथि सांसद द्वारा बृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही कम्पनियों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद द्वारा सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुये यह बताया गया कि प्रत्येक जनपद में प्रतिमाह रोजगार मेले का आयोजन किया जाता रहा है यह युवाओं को कौशल के साथ रोजगार का अवसर प्रदान करने की योजना है।मुख्य अतिथि द्वारा अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा गया कि आगे बढ़ने के लिये यह बहुत सुनहरा अवसर है, इसका लाभ उठायें। इस मेले में जनपद के 2500 से अधिक युवाओं एवं युवतिया द्वारा प्रतिभाग किया गया।मेले में 39 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 1447 युवाओं को चयनित किया गया।साक्षात्कार में चयनित अभ्यार्थियों को सांसद लल्लू सिंह, पदमवीर कृष्ण, क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी एवं विनोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 द्वारा संयुक्त




रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। सेवायोजित कौशल विकास मिशन एवं राजकीय आई0टी0आई0 के 02–02 लाभार्थियों द्वारा अपना अनुभव भी मेले में साझा किया गया। इस मेले के अवसर पर प्राचार्य राजकीय आई0टी0आई0 श्री विनोद कुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। वही रोजगार मेले में पद्मवीर कृष्ण, क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी, राम कुमार द्विवेदी सहायक सेवायोजन अधिकारी कौशल विकास मिशन के मैनेजर अभिषेक शुक्ला एवं श्रीमती सुमन पाण्डेय तथा कश्यप कान्त मिश्रा, मेला व्यवस्थापक एवं समस्त कार्यदेशक/अनुदेशक व अन्य समस्त स्टाफ भी मौजूद रहे।

## अयोध्या विजन डॉक्यूमेंट 2047 की हुई समीक्षा बैठक : मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली अयोध्या विजन डाक्यूमेंट 2047 की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई।उन्होंने साप्ताहिक समीक्षा बैठक वहां पर मौजूद अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये कि श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए जो अवशेष भूमि है उसका भी अधिग्रहण किया जाय। इसके साथ ही साथ उन्होंने एयरपोर्ट के पदाधिकारी से कहा कि वे नियमानुसार हवाई पट्टी एवं टर्मिनल के कार्यो में तेजी लाये। इस मौके पर उन्होंने बताया कि 1 फेज से 3 फेज तक की सीमाओं में आने वाले समस्त विद्युत पोलो को विस्थापित किया जाय। वही पीडब्लूडी विभाग पंचकोसी व 14 कोसी मार्ग के डीपीआर का कार्य शीघ्र कराया जाय। इस बैठक में उन्होंने कहा कि अयोध्या–बसखारी मार्ग निर्धारित समय मार्च 2023 तक पूर्ण कराया जाय।उन्होंने मया बाजार फोरलेन बाईपास तथा गोसाईगंज फोरलेन बाईपास में किसानों से जल्द से जल्द भूमि स्थानान्तरण करवाने की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन सुबह अयोध्या धाम निरीक्षण के दौरान प्रायः यह देखने में आया है कि सड़क के साइड में इंटरलाकिंग सही नही है तथा सड़क जगह जगह उखड़ी हुई है। जिसे ठीक कराया जाय तथा नालियां पटी हुई है जिन्हें अतिशीघ्र साफ कराकर जलनिकासी की व्यवस्था सुदृढ़ की जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या धाम में स्थित विभीषणकुण्ड की साफ सफाई तथा उसको दुरूस्त कराया जाय एवं उसके आसपास के डम्फ कूड़े को हटवाया जाय। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी सभी विभागों से यह कहा गया है कि अपने संकेतक बोर्ड को दुरूस्त करा लें तथा उस बोर्ड पर अगर कोई प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाता हो तो उसके विरूद्व कार्यवाही की जाय। नगर निगम के कार्यो की समीक्षा में उन्होंने कहा कि नगर में 4 जगह हनुमानगढ़ी, अयोध्या रेलवे स्टेशन के पास,




नयाघाट चौराहा व चौक पर वाईफाई की सुविधा प्रदान की गयी है जिसकी स्पीड के सम्बंध में जांच कर लिया जाय। कायाकल्प कराये जा रहे 33 पार्को के सम्बंध में उन्होंने कहा कि जो भी पार्क मार्ग चौड़ीकरण के पास स्थित है उनके कायाकल्प के दौरान यह ध्यान रखा जाय कि सड़क के किनारे कोई भी निर्माण कार्य न कराया जाय जिससे भविष्य में सड़क चौड़ीकरण के समय न आयें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि के गेट नम्बर 2 के आसपास सफाई व्यवस्था बेहतर की जाय, जिससे आने वाले श्रद्वालुओं को समस्या न उत्पन्न हों। जिलाधिकारी ने कहा कि जो प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य चल रहे है नगर निगम उसकी टीम बनाकर निरीक्षण कर लें तथा जो भी कमियां हो आगामी दुर्गापूजा से पूर्व शहर के सभी मार्गो को ठीक कराये।मण्डलायुक्त ने कहा कि जहां भी अयोध्या धाम में होमगार्डस तैनात है वहां उनकी ड्युटी तैनाती की रैण्डम चेकिंग की जाय यदि चेकिंग के दौरान अनुपस्थित पाये जाते है तो उनको ब्लैक लिस्ट किया जाय।इसके अलावा उन्होंने यूपी नेडा, सेतु निगम, सिंचाई विभाग, रेलवे, जलनिगम, सम्बंधित कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। वही बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर आयुक्त नगर निगम, परियोजना निदेशक एवं अन्य विभागीय अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, अयोध्या विजन 2047 से जुड़े सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारी अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुआ शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्र के मुताबिक निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण मिल्कीपुर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में भारी अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हो गया है।जिसका आलम यह है कि प्रशिक्षण शुरू होने के दूसरे दिन तक प्रशिक्षण संसाधन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नहीं जुटाए जा सके हैं।मालूम हो कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद की ओर से बीते 30 जून को जारी आदेश में उल्लेखित किया गया था कि आगामी आगामी 24 जुलाई से 15 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों का प्रशिक्षण हर हाल में पूरा कर लिया जाए किंतु बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस आदेश की हवा निकाल दी तथा शिक्षकों का प्रशिक्षण निर्धारित समयावधि बीत जाने की सप्ताह बाद शुरू हुआ। आपाधापी के बीच मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते 20 सितंबर को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर इनायत नगर के दो छोटे–छोटे कमरों में शुरू करा दिया गया।जबकि यह प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर आयोजित किया जाना था यही नहीं मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र में ब्लॉक संसाधन केंद्र भी कुचेरा में काफी पूर्व से बना हुआ है। जिसमें शिक्षामित्रों से लेकर शिक्षकों के अनगिनत बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे शिक्षकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था के साथ–साथ हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा और शिक्षकों के खानपान के भी विशेष प्रबंध किए जाने के आदेश थे। किंतु प्रशिक्षण प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर पंकज मिश्रा ने महानिदेशक बेसिक शिक्षा के उस आदेश की हवा निकाल दी और आपाधापी के बीच बिना संसाधन जुटाए



प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करा दिया। प्रतिक्षण में सबसे मजे की बात तो यह है कि जिन दो छोटे–छोटे कमरों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों के बैठने की व्यवस्था की गई है उनमें एक कमरे में 60 शिक्षक और दूसरे कमरे में 40 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया गया। और तो और सबसे मजे की बात तो यह है कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 60 शिक्षकों के सापेक्ष दो ए आर पी प्रशिक्षक और 40 शिक्षकों के सापेक्ष 3 एआरपी प्रशिक्षक लगाए गए हैं। प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन भी शिक्षकों के बैठने के लिए बेंच और कुर्सियों की व्यवस्था होती रही। महिलाओं के लिए रनिंग वाटर शौचालय की भी कोई अतिरिक्त व्यवस्था नहीं की जा सकी है। यही नहीं ऑनलाइन मॉनिटरिंग पर्याप्त संसाधन भी नहीं उपलब्ध है कक्षा कक्ष में इतनी कम जगह है कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक अधिगम संबंधी गतिविधियों को प्रशिक्षण कक्ष में नहीं कर पा रहे हैं उनकी गतिविधियों को बाहर धूप एवं खुले आसमान के नीचे कराया जा रहा है।प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रति शिक्षक कलम और राइटिंग पैड के नाम पर 20 खर्च करते हुए वितरित किए जाने के निर्देश है किंतु अत्यंत घटिया क्वालिटी की कलम और राइटिंग पैड शिक्षकों को उपलब्ध कराया गया है।

## इनायत नगर – बीकापुर तहसील सम्पर्क मार्ग पर गिट्टी डालकर भूल गया ठेकेदार : राहगीर हो रहे परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय के इनायतनगर से बीकापुर तहसील संपर्क मार्ग पर ठेकेदार द्वारा सिर्फ गिट्टी डालकर सड़क बनवाना भूल गया है। जिसके चलते इधर से गुजरने वाले राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। सूत्र के मुताबिक इस मार्ग के आस्तीकन बाजार से लेकर बीकापुर के मलेथू कनक रेलवे स्टेशन तक प्रधानमंत्री ग्रामीण अभियंत्रण विभाग पीआईयू से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माण का कार्य पिछले कई महीनों से चल रहा है।जिस पर रेवतीगंज से घुरेहटा और रेवतीगंज से रूरूखास तक रोड पर बड़ा–बड़ा बोल्डर डालकर ठेकेदार कार्य कराना भूल गया है। वही इस संबंध मे हालांकि विभागीय जेई बीडी पाल ने बताया कि मामले को दिखवाकर जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।फिलहाल इस समय यह आलम यह है कि इस मुख्य मार्ग पर जगह–जगह कीचड़ व पानी भरा हुआ है। राहगीर गिरकर चोट खा रहे हैं।बताते चलें कि रेवतीगंज में कई बड़े स्कूल होने की वजह से स्कूली बच्चों को स्कूल तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।घुरेहटा निवासी रामअवतार प्रजापति ने बताया कि मार्ग खराब होने की वजह से पिछले एक माह से उनके बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे हैं। इसी तरह से डीह पूरे बीरबल निवासी पवन तिवारी ने बताया कि रास्ता खराब होने की वजह से उनके भी बच्चे एक पखवारे से स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। स्थिति यह है कि सड़क के बगल से जेसीबी से मिट्टी उठाई गई है। जिसकी ड्रेसिंग नहीं की गई है। ड्रेसिंग ना होने की वजह से सड़क पर मिट्टी मिला हुआ कीचड़ बह रहा है। यहां तक कि व्हाइडनिंग में भी खेल खेला गया है। बताया जा रहा है कि रोड की स्क्रेपिंग में भी केवल फॉर्मेलिटी अदा की जा रही है। रोड की बिना सफाई किए ही



स्क्रेपिंग कर दी जा रही है।वही दो तहसीलों को जोड़ने वाला मार्ग होने की वजह से इस मार्ग पर चलने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के साथ आम लोगों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। इधर पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बरसात के चलते सड़कों की दशा वैसे भी काफी खराब हो गई है। बरसात के चलते ग्रामीण क्षेत्र के कई जर्जर संपर्क मार्गों पर कीचड़ तथा जलभराव के चलते लोगों को आवागमन में दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्र का हैरिंग्टनगंज– शाहगंज मार्ग भी टूटकर पूरी तरह जर्जर हो गया है। सड़क के गड्ढों में बरसात का पानी और कीचड़ जमा हो जाने से सड़क हादसे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों को काफी मुश्किल से आवागमन करना पड़ रहा है।इसी प्रकार आदिलपुर वाया बसवार कलां आस्तीकन मार्ग, धन्जौ से हरीनाथपुर मार्ग, परसौली से धन्जौ संपर्क मार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्र के अन्य कई संपर्क मार्गों पर राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय जेई बीडी पाल ने कहा कि रोड पर खुला बोल्डर छोड़ देना गलत है। ठेकेदार से कहकर उस पर रोलर चलवाया जाएगा।

## अयोध्या की रामलीला में गत वर्ष से और अधिक आकर्षण मंचन करने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे कलाकार – सुभाष मलिक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)गत वर्षो से राम नगरी अयोध्या के सरयू नदी के किनारे लक्ष्मण किला में अयोध्या की रामलीला एक बार फिर 25 सितंबर से शुरू हो रही है जो 5 अक्टूबर तक चलेगी।अयोध्या की रामलीला गत वर्षो की तुलना में इस बार अयोध्या की रामलीला को और अधिक आकर्षण बनाने के लिये दिन रात रिहर्सल करने में जुटे हुये है।जिसमें मुंबई के फिल्म स्टार कलाकार व दिल्ली के कलाकार दिल्ली में रिहर्सल कर रहे है, वही प्रसिद्ध फिल्म कलाकार विंदू दारा सिंह, शाहबाज खान , भाग्यश्री जी मुंबई में रिहर्सल कर रहे है।यह जानकारी अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने दी। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि इस बार अयोध्या की रामलीला का तीसरा संस्करण है।गत वर्ष की भांति इस बार भी अयोध्या में लक्ष्मण किला सरयू नदी के किनारे रामलीला का मंचन होगा।अयोध्या की रामलीला का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री योगी आदित्यानाथ और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और अयोध्या की रामलीला के मुख्य संरक्षक प्रवेश साहिब वर्मा (भाजपा सांसद) के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि हमारा एक ही उद्देश्य है कि भगवान श्री राम की रामलीला को सभी राम भक्त घर पर बैठकर देख पाएं।इसलिए हम विभिन्न जगहों पर अयोध्या की रामलीला की प्रेस कांफ्रेंस करते हैं। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है, 2020 में 16 करोड़, और 2021 में बाईस करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चौनल और सोशल मीडिया यूट्यूब पर होता है।इस मौके पर अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशिर्वाद से होती हैं।इसका आयोजन भगवान श्री राम के आशीर्वाद से होता है !इसमें गूफी पेंटल नारद मुनि की भूमिका में गिरजा शंकर ( राजा दसरथ श्री राम जी के पिताश्री जी की भूमिका निभा रहे है। जबकि भाग्यश्री,राकेश बेदी, रजा मुराद, गुफी पेंटल,और कई बॉलीवुड की महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं। वही भगवान श्री राम के आशीर्वाद से अयोध्या कि रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है।भगवान श्री राम के भक्तो ने इसे विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है। अयोध्या कि रामलीला में सबसे बड़ा सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन हो पाया है।उनका मानना है कि



अयोध्या की रामलीला इस वर्ष अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी,2020 में सोलह करोड़ से ज्यादा भगवान राम भक्तो ने इसे देखा था।2021 मे बाईस करोड़ से ज्यादा राम भक्तो ने देखा था।इस बार हमे पुरी उम्मीद है, भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी। इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के क्रिएटिव डायरेक्टर व जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने बोला की अयोध्या कि रामलीला में इस बार 1600 फुट का स्म्व सेट तैयार हो रहा हैं।और बॉलीवुड की कई महान हस्तियां अयोध्या कि रामलीला में काम कर रही हैं। वही इसी कड़ी में अयोध्या कि रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक(बॉबी) ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन दिनांक 25 सितंबर से 5अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे।इस वर्ष अयोध्या कि रामलीला का तीसरा संस्करण होगा।जिसको लाइव दिखाया जाएगा। शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन पर देख पाएंगे। जिसमें रवि किशन केवट, विंदू दारा सिंह हनुमान,गजेंद्र चौहान राजा जनक, शाहबाज खान रावण , गुफी पेंटल नारद मुनि, गिरजा शंकर दशरथ, कपिल शर्मा शो की बुआ उपासना सिंह कैकेई, दीक्षा रैना सीता, राहुल बूचर राम , रजा मुराद महर्षि विश्वामित्र की भूमिका निभाएंगे।इस मौके पर मौजूद अयोध्या कि रामलीला कमेटी के चेयरमैन राकेश बिंदल,और वॉइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरमैन कैप्टन राज माथुर, वॉइस चेयरमैन अनुज अग्रवाल, संरक्षक सात प्रकाश राणा ,सरंक्षक पवन वत्स ,उपाध्यक्ष दीपक भगचंदनी ने बताया कि अयोध्या कि रामलीला 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अयोध्या में तीसरा संस्करण होने जा रहा है।जो हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है।भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या कि रामलीला का आयोजन होता है।इस मौके पर अयोध्या की रामलीला में मुख्य भूमिका निभा रहे राहुल भूचर( श्री राम की भूमिका ) ने बोले कि अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशीर्वाद होती है! और इसको दुनिया के कोने कोने में भगवान श्री राम के भक्त देखते हैं।वही इसी कड़ी में इस मौके पर सीता की भूमिका निभा रही दीक्षा रैना जी ने बोला कि मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानती हूं कि मैं अयोध्या की रामलीला में माता सीता की भूमिका निभा रही हूं।

## दीपोत्सव को यादगार बनाने के लिए स्वयंसेवक उत्साहित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशक्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आगामी 23 अक्टूबर को राम की पैड़ी अयोध्या में पांचवी बार गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारियों में तेजी लाई। अविवि के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में दीपोत्सव नोडल अधिकारी व विवि के सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने राम की पैड़ी पर दीए बिछाने व जलाने के संबंध में स्वयंसेवकों, शिक्षक समन्वयकों, हेड स्वयंसेवकों व ग्रुप लीडर्स के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घाटों पर शिक्षक समन्वयक, हेड समन्वयकों व ग्रुप लीडर्स की संयुक्त ट्रेनिंग 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक होनी है। वही राम की पैड़ी पर मार्किंग का कार्य 17 से प्रारम्भ होकर 19 अक्टूबर तक चलेगा। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों से स्वयंसेवकों की सूची प्राप्त हो रही है। शीघ्र ही इसे अंतिम रूप दिया जायेगा। इस बार के दीपोत्सव में स्वयंसेवकों में उत्साह देखते ही बन रहा है। छात्र दीपोत्सव में स्वयंसेवक के रूप में सहभागिता देने के तत्पर है। राम की पैड़ी पर चिन्हित स्थानों पर 16 लाख दीए बिछाएं जायेंगे। शासन द्वारा 14 लाख 50 हजार दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की मदद से 16 लाख दीए जलाने की योजना है। विश्वविद्यालय की समिति द्वारा घाटों का निरन्तर निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन से भी सम्पर्क रखा जा रहा है।

## अयोध्या के मयंक शुक्ला ने थामा राष्ट्रीय सवर्ण वाहिनी का दामन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्टीय सवर्ण वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं.गीतेश शर्मा व राष्ट्रीय महासचिव एस के शर्मा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय सचिव पंकज शर्मा के द्वारा मयंक शुक्ला को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संगठन मंत्री दायित्व पर नियुक्त किया गया है मयंक शुक्ला जी की सवर्ण समाज के प्रति समर्पणता को देखकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने संगठन में जिम्मेदार दायित्व दिया है हमें आशा है मयंक शुक्ला राष्ट्रीय सवर्ण वाहिनी के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए व संविधान की मर्यादा को रखते हुए संगठन के विस्तार को करेंगे और समय समय पर सवर्ण समाज के मुद्दों को उठाते रहेंगे व राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पं गीतेश शर्मा के सपनों को साकार करने में सहयोग करेंगे वाह संगठन के साथ तन मन धन से खड़े रहेंगे राष्ट्रीय सवर्ण वाहिनी मयंक शुक्ला राष्ट्रीय संगठन मंत्री के उज्जवल भविष्य की कामना करती है। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों ने मयंक शुक्ला को शुभकामनाएं दी।

### किसान दिवस का आयोजन सम्पन्न : किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने की चर्चा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में किसान दिवस का आयोजन किया गया ,किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा बिंदुवार 1–1 समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करके समाधान करने का प्रयास किया गया, वही अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को समस्या समाधान करने का स्पष्ट निर्देश दिया। गत किसान दिवस की कार्य वृत् पर आपत्ति करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने प्रशासन से मांग किया की किसानों व भारतीय किसान यूनियन द्वारा दी जाने वाली 1–1 समस्याओं को कार्य वृत्ति में शामिल करते हुए अनुपालन आख्या मंगाई जाए जिस पर उप निदेशक कृषि को स्पष्ट आदेश दिया गया कि सभी समस्याओं को कार्य वृत्ति में रखते हुए समाधान कराया जाए आज किसान दिवस में कृषि विभाग के संबंधित सभी अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विभाग की योजनाओं के बारे में बता कर के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कहा गया किसानों द्वारा गन्ना विभाग से जमा कराई जा रही घोषणापत्र का विरोध करते हुए यह कहा गया की जिला प्रशासन खतौनी की सीडी गन्ना विभाग को उपलब्ध करा दें और सर्वे के अनुसार फीड करा कर पर्चियां उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें कृषि विभाग द्वारा गत रवि की सीजन में गेहूं के बीज की सब्सिडी ना देने का मामला उठाया जिस पर उपनिदेशक कृषि ने बताया कि सिस्टम परिवर्तन होने के कारण किसानों को सब्सिडी नहीं मिल पाई है जो अभिलंब किसानों के खाते में भेजने की व्यवस्था की जा रही है किसान दिवस में नहर में टेल तक पानी पहुंचाने, विद्युत आपूर्ति करने प्राथमिक विद्यालयों में स्टेशनरी आदि उपलब्ध कराने का मामला उठाया गया भारतीय किसान यूनियन से घनश्याम वर्मा के अलावा जिला अध्यक्ष सूर्य नाथ वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकर पाल पांडे जिला सचिव दशरथ सिंह भोला सिंह ,टाइगर अरविंद गिरी ,रामबचन भारती, राम जगत यादव, राजेश मिश्रा, संतोष वर्मा मस्तराम वर्मा, महेंद्र वर्मा राजकुमार यादव जगदीश यादव जगन्नाथ पटेल आदि लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की तरफ से उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी ,जिला उद्यान अधिकारी ,जिला गन्ना अधिकारी, अधिशासी अभियंता बिजली, अधिशासी अभियंता नाहर, अधिशासी अभियंता नलकूप, एलडीएम, सीवीओ सहित दर्जनों अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामवन गमन मार्ग पर बाइक सवार की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रामवन गमन मार्ग पर मोहतसिमपुर मजरे भोंदू का पुरवा गांव के पास हुये हादसे में युवक की मौत मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पांच दिन पूर्व रात करीब साढ़े नौ बजे घर से बाइक लेकर मोहतसिमपुर गांव में खड़े ट्रैक्टर ट्राली को लाने के लिए निकले पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव के मजरे कोडरा निवासी विश्वनाथ बर्मा 24 वर्षीय पुत्र राम नरेश वर्मा और उमेश वर्मा 22 वर्षीय पुत्र भगवतदीन वर्मा की बाइक दर्शन नगर गौराघाट रामवन गमन मार्ग पर मोहतसिमपुर गांव के मजरे भोदू का पुरवा के पास सड़क पर खड़ी ट्रक से टकरा गइ थी। दोनों घायलों को दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था जहां विश्वनाथ वर्मा को मृत घोषित कर दिया गया था।मृतक के पिता राम नरेश वर्मा ने तहरीर पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि तहरीर पर ट्रक और उसके चालक नामपता अज्ञात के विरूद्ध धारा 279,304ए आईपीसी के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।